भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर (2023-24)

| | | |
|---|---|---|
| कक्षा-दसवीं | विभाग: हिंदी | Date – |
| Revision Worksheet | विषय: (वाक्य तथा वाक्य रुपांतरण,मुहावरे ) | Note: Pl. file in portfolio |

नाम :____________________अनुभाग :______अनुक्रमांक :______दिनांक :____________

## वाक्य तथा वाक्य रुपांतरण

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर लिखिए -

(1) वामीरो तेज़ कदमों से चलती हुई आई। वह तताँरा के सामने आकर ठिठक गई। इन दो वाक्यों से बना हुआ सरल वाक्य होगा-

(i) जब वामीरो तेज़ कदमों से चलती हुई आई तब तताँरा के सामने आकर ठिठक गई।

(ii) तेज़ कदमों से चलकर आती हुई वामीरो तताँरा के सामने आकर ठिठक गई।

(iii) वामीरो तेज़ कदमों से चलती हुई आई और तताँरा के सामने आकर ठिठक गई।

(iv) तेज़ कदमों से चलती हुई आई वामीरो किंतु तताँरा के सामने आकर ठिठक गई।

(2) 'यहाँ दूर तक पहले जंगल था और अब बस्तियाँ बन गई हैं।' वाक्य का भेद है-

(i) मिश्र वाक्य (ii) सरल वाक्य (iii) संयुक्त वाक्य (iv) उपवाक्य

(3) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य छाँटिए-

(i) वह चाहता है कि इस बार खेल प्रतियोगिता में भाग ले।

(ii) इस बार वह भी खेल प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता है।

(iii) खेल प्रतियोगिता होने वाली है और वह उसमें भाग लेना चाहता है।

(iv) खेल प्रतियोगिता होने पर वह उसमें भाग लेगा।

(4) बड़े भाई साहब घंटों किताबें लेकर बैठे रहते थे किंतु पढ़ने में उनका मन नहीं लगता था। वाक्य का भेद है-

(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य (iii) मिश्र वाक्य (iv) प्रश्नवाचक वाक्य

(5) उसने अपने आप को संयत करते हुए बेरुखी से जवाब दिया। वाक्य का भेद है

(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य (iii) मिश्र वाक्य (iv) प्रश्नवाचक वाक्य

(6) 'भाई साहब ने पढ़ाई का एक भयंकर चित्र खींचा। लेखक ने झटपट एक योजना तैयार की।' इन दो वाक्यों से बना हुआ सरल वाक्य होगा

(i) भाई साहब ने पढ़ाई का एक भयंकर चित्र खींचा और लेखक ने झटपट एक योजना तैयार की।

(ii) जब भाई साहब ने पढ़ाई का एक भयंकर चित्र खींचा तब लेखक ने झटपट एक योजना तैयार की।

(iii) भाई साहब द्वारा पढ़ाई का भयंकर चित्र खींचे जाने पर लेखक ने झटपट एक योजना तैयार की।

(iv) भाई साहब ने पढ़ाई का एक भयंकर चित्र खीचा ही था कि लेखक ने झटपट एक योजना तैयार की।

(7) जैसे-जैसे आबादी बढ़ती जा रही है, प्राकृतिक असंतुलन भी बढ़ता जा रहा है। रचना के आधार पर इस वाक्य के भेद है

(i) मिश्र वाक्य (ii) सरल वाक्य (iii) संयुक्त वाक्य (iv) उपवाक्य

(8) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य छाँटिए

(i) हम चाहते हैं कि इस बार नृत्य आयोजन में भाग लें ।

(ii) इस बार नृत्य आयोजन में भाग लेना चाहते हैं ।

(iii) नृत्य आयोजन होने वाला है और इस बार हम उस में भाग लेना चाहते हैं।

(iv) यदि नृत्य आयोजन होगा तो हम उसमें भाग लेंगे।

(9) घंटों किताबें लेकर बैठे रहने पर भी बड़े भाई साहब पास तक नहीं हो पाते थे। वाक्य का भेद है-

(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य (iii) मिश्र वाक्य (iv) प्रश्नवाचक वाक्य

(10) जापान में चाय पिलाने की एक विशेष विधि है जिसे जापानी भाषा में चा नो यू कहते हैं। वाक्य का भेद है

(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य (iii) मिश्र वाक्य (iv) इनमें से कोई नहीं

(11) प्रश्न-पत्र सामने आने पर छात्रों ने राहत की साँस ली। इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा ।

(i) प्रश्न-पत्र सामने आते ही छात्रों ने राहत की साँस ली।

(ii) प्रश्न-पत्र सामने आया और छात्रों ने राहत की साँस ली।

(iii) क्योंकि प्रश्न-पत्र सामने आया इसलिए छात्रों ने राहत की साँस ली।

(iv) जैसे ही प्रश्न-पत्र सामने आया वैसे ही छात्रों ने राहत की साँस ली।

(12) जैसे ही राम गया वैसे ही राधा आ गई। इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा

(i) राम के जाते ही राधा आ गई। (ii) राम और राधा आ गए।

(iii) जब राम गया तब राधा आ गई। (iv) राम गया और राधा आ गई।

(13) मैं भी घूमने जाना चाहता था लेकिन अस्वस्थता के कारण नहीं जा सका। वाक्य का सरल वाक्य होगा-

(i) मैं अस्वस्थता के कारण चाह कर भी घूमने नहीं जा सका।

(ii) मैं घूमने जाना चाहता था लेकिन अस्वस्थता के कारण नहीं गया।

(iii) यद्यपि मैं घूमने जाना चाहता था तथापि अस्वस्थता के कारण नहीं जा सका।

(iv) चाह कर भी घूमने नहीं जा सका मैं अस्वस्थता के कारण।

(14) किसानों ने दिन-रात मेहनत की। खेतों में फसल लहलहाने लगी। इन दोनों वाक्यों को मिलाकर सरल वाक्य बनेगा-

(i) जब किसानों ने दिन-रात मेहनत की तब खेतों में फसल लहलहाने लगी।

(ii) किसानों के दिन-रात मेहनत करने पर खेतों में फसल लहलहाने लगी।

(iii) खेतों में फसल लहलहाने लगी क्योंकि किसानों ने मेहनत की।

(iv) किसानों ने मेहनत की और खेतों में फसल लहलहाने लगी।

(15) यदि तुम उचित अभ्यास करते तो अवश्य सफल हो जाते। रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद है-

(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य (iii) मिश्र वाक्य (iv) उपवाक्य

## मुहावरे

मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर लिखिए-

(1) शास्त्रार्थ में उसे कोई नहीं हरा सकता उसने ................ पानी पिया हुआ है।

(i) घाट-घाट का (ii) जमीन आसमान का (iii) कुएं और तालाब का (iv) घट-घट का

(2) बेटे के इलाज के लिए रामलाल ने ......... एक कर दिया, किंतु कुछ हाथ नहीं आया।

(i) धरती गगन (ii) आकाश पाताल (iii) पानी पसीना (iv) सच झूठ

(3) हमें यह बात समझ लेनी चाहिए कि किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त कर लेना-------- नहीं होता।

(i) हँसी खेल (ii) आसान काम (iii) मुश्किल काम (iv) बेहद सरल

(4) जो बच्चे माता-पिता की आँखों में ......... रहे हैं, अपना ही भारी नुकसान कर रहे हैं।

(i) तारा बन (ii) धूल झोंक (iii) विरोध कर (iv) दाँत पीस

(5) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन करें ।

(i) गाढ़ी कमाई-मेहनत से कमाया हुआ धन

(ii) ऊँट के मुँह में जीरा-अयोग्य को सफलता प्राप्त होना

(iii) हाथ पाँव फूल जाना- अत्यधिक खुशी से फूल जाना

(iv) सुध-बुध खोना- नींद आ जाना

(6) "दिल को गहरी चोट पहुँचना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है।

(i) जिगर के टुकड़े-टुकड़े होना (ii) लोहे के चने चबाना

(iii) बाट जोहना (iv) घाट-घाट का पानी पीना

(7) जब छात्रों ने अनुशासन भंग किया तो अध्यापिका ने उन्हें ............... लिया।

(i) काम तमाम करना (ii) दबे पाँव आना (iii) आड़े हाथों लेना (iv) आग बबूला होना

(8) कुछ नौजवान अपने माता-पिता की .... बिना सोचे समझे बर्बाद कर देते हैं।

(i) गाढ़ी कमाई (ii) प्राण सूखना (iii) आँखें फेरना (iv) मत्थे मढ़ना

(9) उसने न खास पढ़ाई लिखाई की न कोई अनुभव प्राप्त किया फिर भी इतनी अच्छी नौकरी मिल गई मानो ............... लग गई।

(i) दीवार खड़ी करना । (ii) खुशी का ठिकाना न रहना

(iii) अंधे के हाथ बटेर लगना (iv) सुध बुध खोना

(10) विवाह की तैयारियाँ करते-करते हम सबके ................ आ गया।

(i) दाँतों पसीना आना (ii) हाथ पाँव फूल जाना (iii) बरस पड़े (iv) किस्सा खत्म होना

(11) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए

(i) दिल पसीजना- बीमार होना (ii) साए से भागना- डरकर छिपने का प्रयत्न करना

(iii) तूती बोलना- बहुत बोलना (iv) रंगे हाथों पकड़े जाना- बहुत मेहनत करना

(12) 'असलियत सामने आना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है

(i) भूख लगना (ii) लोहे के चने चबाना

(iii) आटे दाल का भाव मालूम होना (iv) घाट घाट का पानी पीना

(13) अपने पड़ोस में कोरोना मरीज़ की खबर सुनते ही हम सबके ............................

(i) प्राण सूख गए (ii) हिम्मत टूट गई (iii) दीवार खड़ी हो गई (iv) आपा खोना

(14) अधिकतर नेता चुनाव के समय जैसे दिखते हैं, वैसे होते नहीं। समय आने पर यह अपना .................. हैं।

(i) खून जलाते (ii) लाज रखते (iii) रंग दिखाते (iv) सिर धुनते

(15) कारगिल का युद्ध जीतकर भारतीय सेना ने देश की ....................... ली।

(i) धूल झोंक (ii) तलवार खींच (iii) लाज रख (iv) गिद्ध दृष्टि

==========================================================